तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 22 जुलाई 2025

10 सीजेएम ने किया कारागार का निरीक्षण



10 कक्षा नवमी से लक्ष्य प्रथम, निशांत द्वितीय रहे



## खबर संक्षेप

### दुकान का टूटा ताला सामान व नकदी चोरी

**जींद।** गांव अहिरका के निकट बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर परचून सामान तथा 15 हजार रुपये नगदी को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रूपगढ़ निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव अहिरका के निकट परचून की दुकान है। बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर गैस सिलेंडर, पंखा, पनीर, देशी का टीन, पांच डिब्बे घी, दस पैकेट घी समेत अन्य सामान तथा 15 हजार रुपये की नकदी को चोरी कर लिया।

### कैथल राजकीय कालेज में लगेगा रोजगार मेला

**कैथल।** जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सोमवार को एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें रोजगार विभाग, श्रम विभाग, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, एमएसएमई, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उद्योग विभाग व तकनीकी विभाग से अधिकारियों ने भाग लिया। एडीसी ने बताया कि 28 जुलाई को सुबह 10 बजे डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय कालेज कैथल में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

### रंजिशन मारपीट करने पर एक के खिलाफ केस

**जींद।** नेताजी कॉलोनी में रंजिशन मारपीट करने पर शहर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नेताजी कालोनी निवासी संजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मोहल्ले के ही यीशु से कहासुनी हो गई। जिस पर आरोपित ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। शहर थाना पुलिस ने संजीत की शिकायत पर यीशु के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### क्रेटा गाड़ी चोरी के मामले में बेल जंपर गिरफ्तार

**कैथल।** पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम अंतर्गत पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई सतीश कुमार द्वारा क्रेटा गाड़ी चोरी करने के मामले में उद्घघोषित अपराधी गांव शीतल नगर रोहतक निवासी नीरज को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी नीरज पर 20 नवंबर 2019 को सेक्टर 20 कैथल से एक क्रेटा गाड़ी चोरी करने का आरोप है। आरोपी नीरज को पुलिस द्वारा उक्त मामले में गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया था।

### ट्राले की टक्कर से स्कोर्पियो सवार घायल

**जींद।** गांव अनूपगढ़ के निकट तेजरफ्तार ट्राले की टक्कर से स्कोर्पियो सवार दंपत्ति घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खरड़ निवासी विष्णु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पत्नी के साथ स्कोर्पियो गाड़ी में गांव अनूपगढ़ के निकट से गुजर रहा था। तेजरफ्तार ट्राले ने गाड़ी को टक्कर मार दी। जिसमें उसे तथा पत्नी को चोटें आई और गाड़ी को भी नुकसान पहुंचा। घटना को अजाम देकर ट्राला चालक मौके से फरार हो गया।

### व्यक्ति से मारपीट करने पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव पाजू मोड पर व्यक्ति के साथ मारपीट करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भंडारी निवासी सुखदेव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव पाजू मोड पर खड़ा हुआ था। उसी दौरान उसकी वहां मौजूद चार अज्ञात युवकों से कहासुनी हो गई। आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की। काफी चोटें आई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने सुखदेव की शिकायत पर अज्ञात चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### जिला परिषद की बैठक चेयरमैन कर्मबीर कौल की अध्यक्षता में जिप भवन परिसर में हुई

# हंगामेदार रही बैठक, भ्रष्टाचार का मुद्दा जोर-शोर से उठा

### पार्षद दीप बालू ने कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला परिषद की बैठक जिप भवन परिसर में सोमवार को चेयरमैन कर्मबीर कौल की अध्यक्षता में हुई। सदन की विशेष बैठक में पूर्व अध्यक्ष दीपक मलिक जाखौली मनरेगा सहित अन्य विकास कार्य में घोटाले का आरोप लगाया। सदन की इस बैठक में भ्रष्टाचार का मुद्दा काफी जोर-शोर से उठा। दरअसल, ऐसा पहली बार हुआ कि पूर्व अध्यक्ष अपना पद छीन जाने के बाद पहली बार सदन की बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। उनके बैठक में आने के बाद उनकी एक पार्षद के साथ तीखी बहस हुई। दोनों में इतनी तीखी बहस हुई कि भरी सदन में दोनों ने भ्रष्टाचार को लेकर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए।

वहीं, पार्षद दीप बालू ने कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया। पार्षद ने आरोप लगाया कि वे दूसरों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन उनके कार्यकाल में ही करीब ढाई करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। इस पर दीप मलिक भी गुस्साए और उन्होंने इसका जवाब देने की बात कही, लेकिन अध्यक्ष कर्मबीर कौल ने दोनों से सदन की मर्यादा बनाए रखने की अपील की। इसके बाद मामला शांत हुआ। वहीं, बैठक में निलंबित हुए पार्षद ने करीब 15 मिनट तक अपनी बात रखी। इस पर अध्यक्ष कहना था कि बैठक में आमजन भी अपनी समस्या रख सकता है। निलंबित पार्षद को किसी भी प्रकार की कार्यवाही में शामिल नहीं किया जाता और न ही किसी प्रकार के हस्ताक्षर करवाएं जाते हैं, लेकिन वे अपनी बात रख सकते हैं।

**पांच साल से पाइपलाइन खराब, नहीं डलीः** पूर्व अध्यक्ष दीपक मलिक ने जनस्वास्थ्य विभाग पर काम में लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए कहा कि जाखौली गांव में पिछले पांच वर्ष से पाइपलाइन की मरम्मत न होने के चलते सप्लाई बंद पड़ी है। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बार बार कहने पर भी कोई ध्यान नहीं देते जिस पर मौजूद अधिकारी ने कहा कि एस्टीमेट बनवाया हुआ है, जैसे ही अनुमति मिलती है काम शुरू कर दिया जाएगा। मलिक ने कहा कि उनके गांव जाखौली में हर महीने कागजों में पानी सप्लाई वाली मोटर को खराब दिखाया जाता है और फिर ठीक करवाने के नाम पर फंड जारी करवाया जाता है। दीप मलिक ने आरोप लगाया मनरेगा के काम में सबसे अधिक भ्रष्टाचार हो रहा है।




**कैथल।** जिप चेयरमैन कर्मबीर कौल बैठक लेते। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस बैठक में उपाध्यक्ष सोनिया रानी, मुनीष शर्मा फरल, राकेश खानपुर, कमलेश रानी, नेहा तंवर, अमरजीत कसान, देवेंद्र पुजारी, दीप बालू, दीपक मलिक जाखौली, मैनेजर कश्यप, जितेंद्र टाया, संजीव भाणा, भारत हरसौला, रुमिला ढुल, कुलदीप पाई, रितू ढुल, सीईओ सुरेश राविश, डिप्टी सीईओ रितू लाठर, पंचायती राज के एक्सईन नारायण दत्त, बीडीपीओ अन्नू टांक, एक्सईएन वरुण कंसल, सुरेंद्र, सिविल सर्जन रेनू चावला आदि अधिकारी मौजूद थे।

#### रिश्वत मांगने का आरोप

एक मस्ट्रोल तक निकलवाने के एबीपीओ की ओर से 10 से 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जाती है। इसका उनके पास ऑडियो का सबूत भी है। यदि कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे इसे पेश करेंगे और हाईकोर्ट तक जाएंगे। इस पर अध्यक्ष कर्मबीर कौल ने कहा कि अगर आपके पास इसके साक्ष्य है तो जरूर पेश करें। कार्रवाई करना हमारा काम है।

#### देबवन से सौंगल सड़क पर चले सवाल जवाब

दीप मलिक ने कहा कि देबवन से सौंगल सड़क को बने एक साल हुआ है और उस पर दो बार पैचवर्क का काम किया जा चुका है। क्या इतनी घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया कि सड़क एक साल भी नहीं चल सकती। इसके बाद अध्यक्ष कर्मबीर कौल कौल ने लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन को पूछा कि सड़क बनाते समय कोई समय सीमा भी तो तय की जाती होगी कि ये सड़क इतने दिन चलेगी। अगर वाकई में निर्माण सही ढंग से नहीं हुआ तो जांच करके ठेकेदार के खिलाफ कारण बताओ नोटिस निकालो। इस मामले में एक्सईएन ने कहा कि अनुमान से अधिक यातायात होने के कारण सड़क टूट गई है। इसका निर्माण जल्द ही करवा दिया जाएगा। दीप मलिक ने कहा कि सड़क पर नई परत चढ़वाए। यदि दोबारा पैचवर्क किया तो वे उनके दफ्तर में ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ जाएंगे।

# तस्कर से ३० किलो चूरा पोस्त बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए स्टाफ नरवाना ने गांव बद्दोवाल तथा सच्चाखेड़ा के बीच माइनर पुलिया पर एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से तीस किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। आरोपित चूरा पोस्त स्पलाई के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा था। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि गांव बद्दोवाल तथा सच्चाखेड़ा के बीच माइनर पुलिया पर नशीला पदार्थ बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर सीआईए स्टाफ नरवाना ने कार्रवाई करते हुए प्लास्टिक कट्टे के साथ काबू कर लिया। जब कट्टे की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से चूरा पोस्त बरामद हुआ। जिसका वजन तीस किलोग्राम पाया गया। पुलिस पूछताछ में व्यक्ति की पहचान गांव जलालवाला पंजाब निवासी रजनीश के रूप में हुई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने रजनीश के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।सीआईए नरवाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर आरोपित को काबू किया है। आरोपित पंजाब से चूरा पोस्त बेचने के लिए पहुंचा था। आरोपित से नशे के नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है।




# जींदः रुपयों के लेनदेन को लेकर हुई बहस में कपड़े से गला घोंट की थी सुरेश की हत्या

- पुलिस ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जुलाना में पांच दिन पहले हुए ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में गांव फतेहगढ़ निवासी बिट्टू को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि रुपयों के लेनदेन को लेकर हुई बहस में सुरेश की गमछे से गला घोंटकर हत्या की गई थी। पुलिस आरोपित से उसके दूसरे साथी के बारे में पूछताछ कर रही है। गत 16 जुलाई को जुलाना क्षेत्र के बुढ़ाखेड़ा गांव के पास करसोला रोड पर एक व्यक्ति का शव मिला था। मृतक की पहचान लिजवाना निवासी सुरेश के रूप में हुई थी। सुरेश के साथ मारपीट कर उसे घसीटा गया था और गला दबाने के निशान थे। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस के सामने यह ब्लाइंड मर्डर बना हुआ था। पुलिस ने जांच शुरू की तो फतेहगढ़ निवासी बिट्टू का नाम सामने आया था।



#### वारदात कबूली

पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उसने हत्या की वारदात को कबूल कर लिया। जुलाना थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि बिट्टू के पिता तकदीर का सुरेश के साथ रुपयों का लेन-देन था। सुरेश रुपये नहीं दे रहा था और उसका पिता तकदीर तंग आ चुका था। तकदीर और सुरेश के बीच कई बार कहासुनी हो चुकी थी। तकदीर ने घर पर कहा था कि सुरेश ने बहुत ज्यादा परेशान कर रखा है। इस पर तकदीर का बेटा बिट्टू और उसका एक दोस्त सुरेश के पास गए। दोनों सुरेश को बाइक पर बैठा कर खेत में ले गए। यहां उसके साथ मारपीट की और गमछे के साथ उसका गला दबा कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसे खेत की तरफ फेंक कर वहां से फरार हो गए।

### पूंडरी में बुजुर्ग महिला से लूट की वारदात

**पूंडरी।** क्षेत्र में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। सोमवार को एक बुजुर्ग महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर लूटने की वारदात ने इलाके में सनसनी फैला दी। लूटपाट की यह घटना उस समय घटी जब महिला अपनी बेटी का तीज का सिंधारा देकर दूसरी बेटी के पास पूंडरी जा रही थी। निसिंग निवासी 60 वर्षीय कलादेवी ढांड कस्बे में अपनी एक बेटी को तीज का सिंधारा देकर पूंडरी में अपनी दूसरी बेटी के पास जा रही थी। वह ढांड के पंचमुखी चौक पर सवारी की प्रतीक्षा कर रही थी तभी बाइक सवार युवक पास आया और पूंडरी का रास्ता पूछने लगा। बातचीत के दौरान उसने महिला से कहा कि वह भी पूंडरी जा रहा है और उसे भी छोड़ देगा। महिला बातों में आ गई लेकिन रास्ते में युवक ने महिला को किसी प्रकार का नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह अचेत होने लगी। आरोपी महिला को पूंडरी के पास सिरसा ब्रांच नहर के पास स्थित पनचक्की के पास ले गया और वहां उसके कानों से सोने की बालियां झटककर फरार हो गया।

# हांसी ब्रांच से अज्ञात शव बरामद, हत्या की आशंका

- पीछे से बह कर सफीदों में नहर में पहुंचा था शव, कावड़ियों ने निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के पानीपत रोड पर सोमवार को हांसी ब्रांच नहर से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक के सिर में चोट का निशान है। जिसके चलते हत्या की आंशका जताई जा रही है। शव पीछे से बह कर नहर में आया है। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला है। जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। शहर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों के पानीपत रोड हांसी ब्रांच नहर पटरी के साथ लगे शिवर के कावडियों की नजर नहर में तैरते शव पर पड़ी। जिस पर कावडियों ने शव को बाहर निकाल लिया और शव की सूचना पुलिस को दी। मृतक के सिर में चोट का निशान था। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की हत्या हुई है। यह भी संभव हो सकता है कि व्यक्ति को ईंट या पत्थर सिर में लगा हो और उसकी मौत हो गई हो। मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष है। घटना की सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला। जिससे उसकी शिनाख्त संभव हो सके। शहर पीछे से बह कर नहर में पहुचा था। पुलिस ने मृतक के शव को शिनाख्त के लिए सफीदों के शव गृह में रखवा दिया है। व्यक्ति की मौत कैसे हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हो पाएगा। शहर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शहर थाना सफीदों प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नही हो पाई है। शव पीछे से बह कर नहर में आया है। फिलहाल शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। मामले की जांच की जा रही है।





# किनाना के निकट ड्रेन से गला सड़ा अज्ञात का शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सदर थाना पुलिस ने गांव किनाना के निकट ड्रेन से गला सड़ा व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त न होने के कारण शव को नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव किनाना के निकट कालवा-किनाना ड्रेन में सोमवार को लोगों ने शव को पड़ा देखा। सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल पहुंचाया। शव बुरी तरह गल तथा सड़ चुका था। कपड़े भी गायब थे। मृतक के गले में मनको की माला तथा हाथ पर धागा बंधा हुआ है। लंबे समय तक शव पानी में रहने के कारण उसकी दशा काफी बिगड़ी हुई है। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला, जिससे उसकी पहचान संभव हो सके। व्यक्ति की मौत कैसे हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम के बाद हो पाएगा। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### 22 जुलाई को होगी डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन, जमा होगी फीस : वीसी

# विश्वविद्यालय ने जारी की पहली मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में लिखित परीक्षा के आधार पर सत्र 2025-2026 के प्रवेश के लिए 16-17 जुलाई तक संपन्न हुई प्रवेश परीक्षा के बाद सोमवार को पहली मेरिट सूची जारी कर दी गई है। यह मैरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। स्नातक स्तर (यूजी) कोर्स में दाखिले को लेकर भी आवेदन प्रक्रिया के बाद पहली मेरिट सूची अकेडमिक मेरिट्द्ध के आधार पर जारी कर दी गई है। आवेदनकर्ता विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अपने विभाग की मेरिट सूची देख सकते हैं। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने बताया कि पहली मेरिट सूची में जिन छात्रों का स्थान आया है, उन आवेदनकर्ताओं के प्रमाण पत्र सत्यापन (डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन) और शुल्क फीस जमा करने की तिथि और 21-22 जुलाई तक रहेगी। पहली मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विश्वविद्यालयी शिक्षा विभागों (यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट) के तहत आने वाले सभी पाठ्यक्रमों की पहली प्रवीणता सूची (मेरिट) उपलब्ध है। आवेदनकर्ता मेरिट के अनुसार 21 और 22 जुलाई को विश्वविद्यालय पहुंच कर अपने दस्तावेजों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करा कर निर्धारित शुल्क (एडमिशन फीस) जमा करके प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया एडमिशन से संबंधित कोई भी समस्या आने पर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।



#### ये दस्तावेज साथ

आवेदनकर्ता प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए सभी डॉक्यूमेंट्स जैसे आय प्रमाण पत्र, दसवीं, बारहवीं, स्नातक उपाधि वह सभी मार्कशीट, चरित्र प्रमाण पत्र, हरियाणा मूल निवास प्रमाण पत्र, गैप ईयर संबंधित शपथ पत्र आदि दस्तावेज लेकर आना जरूरी है। प्रथम मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले आवेदनकर्ताओं को 22 जुलाई शाम चार बजे तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और फीस जमा कराना अनिवार्य है। विवि की दूसरी मेरिट लिस्ट 24 जुलाई को सुबह 10 बजे लगेगी।

# ऑनलाइन २.२४ लाख रुपये हड़पने का आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन टास्क पूरा करने पर रिवार्ड तथा रुपये कमाने का झांसा देकर दो लाख 24 हजार 800 रुपये हड़पने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिफेंस कालोनी निवासी साधना ने गत पांच दिसबर को पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि गत चार दिसंबर को उसके टेलिग्राम अकाउंट पर मैसेज आया। जिसने घर में बैठे ऑनलाइन होटल रिव्यू, गुगल रिव्यू समेत विभिन्न टास्क करने पर रिवार्ड करने तथा निवेश करने पर अच्छा मुनाफा होने बारे में बोला था। जिसके बाद उसने कहे अनुसार 32 हजार 500 रुपये दूसरे की आईडी में भेज दिए। जिसके बाद उसने अलग-अलग अकाउंट्स में और राशि को भी भेजा। जिसके चलते वह दो लाख 24 हजार रुपये 500 रुपये भेज चुकी थी। जब उसने राशि को वापस मांगा तो उसे और राशि जमा कराने के लिए कहा। जिस पर उसे ठगी होने का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने साधना की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज किया था।

## खबर संक्षेप

### पिल्लूखेड़ा में प्रशासन का रात्रि ठहराव आज

**जींद।** सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को पिल्लूखेड़ा गांव के राजकीय माध्यमिक स्कूल में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। डीसी मोहम्मद इमरान रजा द्वारा आमजन की शिकायतें सुन कर उनका मौके पर ही समाधान करने के प्रयास किए जाएंगे। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में जिला प्रशासन के सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहेंगे।

### ई-केवाईसी के लिए मेरा केवाईसी एप्लीकेशन लांच

**जींद** प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश अनुसार सभी बीपीएल, एएवाई राशन कार्ड धारकों की ई केवाईसी की जानी है ताकि भविष्य में सरकार की योजनाओं का लाभ लिया जा सके। जिसके लिए सरकार द्वारा सभी बीपीएल, एएवाई लाभार्थियों की ई केवाईसी करने के लिए मेरा केवाईसी मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च की गई है।

### नशे के खिलाफ हेल्पलाइन मानस 1933 का शुभारंभ

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि केंद्र सरकार ने नशे के खिलाफ राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस 1933 शुरू की है। यह हेल्पलाइन देश को 2047 तक नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मानस हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे चालू रहता है। लोग इस पर ड्रग्स तस्करी की गुप्त जानकारी सांझा कर सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुकाः गर्ग

**जींद।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फेड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। उद्योगपति व आम जनता की जान माल की सुरक्षा करने में विफल सिद्ध हुई है। प्रदेश में अपराध पर अंकुश लगाने की बजाए झूठे आंकड़े पेश कर रही है। सरकार को आंकड़े पेश करने के बजाए, व्यापारी व आम जनता की जान माल की सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध करना चाहिए।

### अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**नरवाना।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि बेलरखा में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। समाजसेवी संस्था परवाज एक उड़ान द्वारा विद्यालय को 200 पौधे प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण करके अभियान की शुरुआत की।

### पिता की पुण्यतिथि पर गाय को खिलाया हरा चारा व गुड

**उचाना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता प. दीपक बुडायन ने अपने पिता वेदप्रकाश शर्मा की तीसरी पुण्य तिथि पर गायों को हरा चारा गुड़ डाला। दीपक बुडायन ने कहा कि उनके पिता निरंतर गायों की सेवा करने के साथ-साथ जरूरतमंदों की मदद करते थे। पिता के दिखाए मार्ग पर चलते हुए जरूरतमंदों की मदद करने के साथ-साथ गायों की सेवा करते है। पिता की पुण्य तिथि पर हरा चारा गुड गायों को डाला।

### गोवंश को रेडियम टेप लगाने की सेवा प्रारंभ

**नरवाना।** श्री तीर्थ राज गौ चिकित्सालय के संस्थापक महंत सोनू नाथ के नेतृत्व में गौवंश को रेडियम टेप लगाने का कार्य शुरू किया। गौवंश रोड एक्सिडेंट का शिकार ना हो क्योंकि रात के अंधेरे में रोड पर घूम रहे गौवंश का पता नहीं चलता उनको हादसे से बचाव के लिए रेडियम टेप लगा दी जाती है जिस टेप चमकने चालकों को गौवंश का पता चल जाता है।

### चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन पंचकूला में 12 को

**जींद।** हरियाणा सरकार के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा स्कूली बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्कल्पना को छूने दो आसमान थीम के साथ राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 12 अगस्त को पंचकूला के यवनिका गार्डन, सेक्टर 5 में किया जाएगा।

### हरिद्वार से गंगा जल ला वापस लौट रहे कांवड़िए

# सावन महीने के दूसरे सोमवार को मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### जयंती देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया भगवान आशुतोष का रूद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सावन का महीना शिव भक्ति का महीना माना गया है। श्रद्धालुओं ने सावन माह के दूसरे सोमवार को शहर के प्रमुख मंदिरों में भगवान आशुतोष की पूजा के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए थे और भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना में जुट गए। शहर के मध्य स्थित ऐतिहासिक जयंती देवी मंदिर में रूद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने दूध-पानी व अन्य सामग्री शिवलिंग पर चढ़ाई और सुखद भविष्य की कामना की। वहीं कावडिये भी अब हरिद्वार से गंगा जल लेकर वापस लौट रहे हैं। शहर में दिनभर डीजे की ऊंची आवाज के साथ कावडिये वापस लौटते हैं तो कई कावडिये डाक कावड़ लेने के लिए सोमवार को हरिद्वार के लिए रवाना हुए।

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि सावन माह के सोमवार को श्रद्धालु अल सुबह ही मंदिर पहुंचना शुरू हो गए थे। श्रद्धालुओं ने शिव जी का पंचाक्षर मंत्रओम नमः शिवाय का जाप किया। 23 जुलाई को शिवरात्रि भी है। शास्त्री ने बताया कि श्रावण माह को भगवान भोलेनाथ की भक्ति का महीना माना गया है। ऐसे में शिवभक्त पूरे श्रावण माह में भगवान आशुतोष की नियमित रूप से सच्चे हृदय व मन से पूजा करते हैं उसके सारे कष्ट व पाप दूर हो जाते है। जो श्रद्धालु पूरे श्रवण मास में सच्चे मन से जलाभिषेक, रुद्राभिषेक करता है उस पर भगवान आशुतोष की विशेष कृपा होती है। मंदिर में सावना माह में प्रतिदिन रुद्राभिषेक प्रातः काल सवा छह बजे किया जा रहा है जो पूरे सावन माह तक चलेगा। इस मास में शिव पुराण कथा महामृत्युंजय जाप ओम नमः शिवाय, शिव सहस्त्रनाम और शिव चालीसा का पाठ करना चाहिए। मंदिर में कावडियों के ठहरने, नहाने व भोजन प्रसाद का विशेष प्रबंध किया गया है। शहर में जगह-जगह लगाए गए कावडियों के लिए शिविर: शहर में कावडियों की सेवा के लिए जगह-जगह शिविर लगाए गए हैं। जहां भक्त कावड़ लेकर आने वाले कावडियों की सेवा करते हैं। सैनी रामलीला ग्राऊंड, रानी तालाब, गोहाना रोड पर भक्तों द्वारा कावडियों के विश्राम के लिए शिविर लगाए हैं। जैसे-जैसे शिवरात्रि नजदीक आ रही है वैसे-वैसे कावडियों का आवागमन भी तेज होता जा रहा है।



जींद। जयंती देवी मंदिर में भगवान शिव की पूजा करते हुए श्रद्धालु।

# सीजेएम ने किया कारागार का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला कारागार में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल लोक अदालत का आयोजन किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मोनिका के समक्ष दो मामले विचाराधीन रखे गए। जिसमें से तीन बंदियों को अंडरगोन किया गया। अगर विचाराधीन बंदी पर और कोई मुकद्मा ना हो तीनों कैदियों को रिहा करने का आदेश पारित किया गया। सीजेएम मोनिका ने जिला जेल का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों व हवालातियों को उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना व समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी दी। इसके अलावा सीजेएम ने जेल में बंद कैदियों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को अपने केस की पैरवी करने के लिए वकील की जरूरत है तो वह मुफ्त कानूनी सेवाएं के लिए प्राधिकरण के अधीन वकील की सेवाएं ले सकते हैं। इस संबंध में लिख कर दरखास्त जेल प्रशासन के माध्यम से या न्याय रक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में भेजनी होती है। उन्होंने बताया कि नालसा हैल्पलाइन नंबर 15100 पर किसी भी प्रकार की कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते है।



जींद। सुनवाई करते सीजेएम। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए। फोटो :हरिभूमि

### समाधान शिविर सरकार की अनुकरणीय पहल

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र ने सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में नागरिक विभिन्न विभागों से जुड़ी 7 समस्याएं लेकर पहुंचे। जिसमें जन स्वास्थ्य विभाग से संबंधित तीन शिकायतए खंड विकास एवं पंचायत विभाग से संबंधित एक शिकायतए तहसील कार्यालय से संबंधित एक शिकायत और पुलिस प्रशासन से संबंधित एक शिकायत प्राप्त हुई। एसडीएम जगदीश चंद्र ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत एक्शन लेते हुए त्वरित समाधान के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविर प्रदेश सरकार की अनुकरणीय पहल है। शिविर न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता का प्रतीक हैंए बल्कि आमजन और अधिकारियों के बीच संवाद का एक मजबूत माध्यम बन गए हैं।

### बच्चों को डेंगू से बचाव के तरीकों से अवगत करवाया

**नरवाना।** जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विजेंद्र ढांडा के निर्देश अनुसार गांव हथो के रावमावि हथों में एंटी डेंगू माह मनाया। जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता दर्शन कुमार ने बच्चों को डेंगू बुखार के कारण लक्षण एवं बचाव के तरीकों से अवगत कराया गया। बच्चों को बताया गया कि डेंगू बुखार एडीज मच्छर के काटने से फैलता है यह मच्छर दिन में काटता है तथा साफ पानी में अंडा देता है। डेंगू बुखार के मुख्य लक्षण तेज बुखारए सिर दर्द आंखों के पिछले हिस्से में दर्द होना एउल्टी आना एवं मांसपेशियों में तेज दर्द होना है । डेंगू बुखार से बचने के लिए हमें डेंगू के मच्छर को पनपने से रोकना है । इसके लिए आसपास के पानी के गड्ढों को मिट्टी से भर दें या उनमें तेल डाल दें । अपने घरों में कूलरए टंकी होदियों को सप्ताह में एक बार खाली करके सुखाएं ।घर की छत पर बेकार पड़े टायरए डिब्बे ए टूटे मिट्टी के बर्तनों को हटा दें ।

### एसोसिएशन का किया विस्तार

**जींद।** हरियाणा योगासन स्पोट्र्स एसो के चेयरमैन एवं जिला योगासन स्पोट्र्स एसो के प्रधान डा. धर्मदेव विद्यार्थी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया । बैठम में जिला योगासन स्पोट्र्स एसो की योग प्रतियोगिता दो और तीन अगस्त को करवाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही एसो का विस्तार किया गया व एसो के पदों पर सदस्यों की नियुक्ति की गई। जिसमें प्रधान के पद पर डा. धर्मदेव विद्यार्थी, चेयरमेन डा. रणवीर राठी आर्य, उप प्रधान डा. सुमिता, रामनारायण आर्य एवं संतराम सैनी तथा महासचिव के पद पर कर्णदेव शास्त्री, तकनीकी सचिव अंश चौधरी व अंजू कौशिक, सहसचिव योगेश कुमार, आयोजक सचिव कुलदीप, कानूनी सलाहकार अमित कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सैनी, सहकोषाध्यक्ष नवनीत, प्रशिक्षण निदेशक राजसिंह देशवाल, मीडिया प्रभारी धर्मपाल वालिया व सुमन कालीरमन तथा योगाचार्य सूर्यदेव संरक्षक एवं सुरेश बोदला, कर्णसिंह खटकड़ सीना, सीमा शर्मा सदस्य होंगे।



जींद। बैठक में भाग लेते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि





नरवाना। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सम्मान समारोह का आयोजन किया

**नरवाना।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा खुर्द के प्रतिभाशाली छात्रों ने एसओएफ इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड 2024.25 में शानदार सफलता प्राप्त करते विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्रों ने अपनी भाषा दक्षता निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के बल पर 5 गोल्ड मेडल्स ऑफ एक्सीलेंस हासिल किए। उपलब्धि के उपलक्ष्य में स्कूल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन और प्राचार्या वीना डारा ने संयुक्त रूप से विजयी छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्राचार्या वीना डारा ने सभी विजेता छात्रों और शिक्षकों को बधाई देते कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का मिलाजुला परिणाम है। निदेशक प्रदीप नैन ने कहा कि वेदांता विद्यालय विद्यार्थियों को उनकी क्षमता और प्रतिभा के अनुसार मंच प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है। इस उपलब्धि के पीछे शिक्षकों की मेहनत भी सराहनीय रही। शिक्षिका सारोज ने ओलंपियाड की तैयारी हेतु छात्रों को विशेष मार्गदर्शन और प्रशिक्षण दिया।

### वाहनों की गहन जांच की

**नरवाना।** सोमवार को दनौदा पुलिस प्रशासन की ओर से कावड़ यात्रा को लेकर चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान गांव के बस अड्डे और नेशनल हाइवे के बाईपास पर चलाया गया। अभियान का उद्देश्य कावड़ यात्रा को दखते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करवाना संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना और सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना रहा। चेकिंग के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। जिन वाहन चालकों ने हेलमेट नहीं पहना थाए सीट बेल्ट नहीं लगाई थी या जिनके पास जरूरी दस्तावेज नहीं थेए उन्हें सख्त चेतावनी देकर छोड़ा गया। दनौदा चौकी इंचार्ज सुरेश बधावड ने कहा की पुलिस का उद्देश्य लोगों को डराना नहींए बल्कि उन्हें जागरूक करना है। नियमों का पालन सभी के लिए जरूरी है ताकि दुर्घटनाओं और अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सके। इस मौके पर चौकी इंचार्ज के साथ हैंड कांस्टेबल सुरेंदरए सिपाही सुनील व संदीपए होमगार्ड सुनील मौजूद रहे।





नरवाना। जांच करते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। शिविर में जांच करते डा. मेघा। फोटो :हरिभूमि

### शिव भक्तों के लिए मेडिकल शिविर लगाया

**जुलाना।** रिद्धि सिद्धि क्लब द्वारा पुरानी सब्जी मंडी के पास शिव भक्तों के लिए मेडिकल शिविर लगाया गया। यह शिविर 21 जुलाई से 23 जुलाई तक लगाया जाएगा। शिविर का उद्घाटन डिप्टी स्पीकर प्रतिनिधि राजन चिलाना ने किया। रिद्धि सिद्धि क्लब के प्रधान सुभाष अनेजा ने बताया कि शिविर में शिव भक्तों के लिए निशुल्क चिकित्सीय सेवा व एम्बुलेंस सुविधा व शीतल पेय पदार्थ की पूरी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। शिविर में मिड्ढा हॉस्पिटल से डा. मेघा चिलाना कावडियो के स्वास्थ्य जांच में मुख्य सहयोग कर रही है। इस अवसर पर संगीता छाबड़ा, स्नेहा, कुलदीप गुलाटी, वीनू मक्कड़, सतीश खुराना, हरेंद्र कादियान, राकेश सैन, चिराग टंडन, सौरव, कालू आहूजा, दीपक वत्स, सुरेंदर चौहान सहित अनेक कार्यकारिणी सदस्य सहयोग कर रहे है।



जुलाना। प्रसुति कक्ष का निरीक्षण करते सीएमओ डा. सुमन कोहली।

### सीएमओ ने किया स्वास्थ्य केंद्र का दौरा

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जींद की सीएमओ डा. सुमन कोहली ने दौरा किया। डॉ सुमन कोहली ने अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर और रिपेयर जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। इस काम के लिए डेढ़ करोड़ की लागत आएगी। अस्पताल में सफाई के भी निर्देश दिए ताकि मरीजों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। सीएमओ ने प्रसुति कक्ष, रजिस्ट्रेशन कक्ष और डिस्पेंसरी का भी निरीक्षण किया। गर्भवती महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को सभी सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ डिप्टी सिविल सर्जन पालेराम कटारिया, एसएमओ डा. संजीव कुमार, डा. अंशुल आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वन महोत्सव के तहत एक पेड़ मां के नाम विषय पर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिफेंस कॉलोनी में सोमवार को जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम एक पेड़ मां के नाम का उद्देश्य पर्यावरणीय संरक्षण को मातृभाव से जोड़ते हुए जनमानस में भावनात्मक चेतना जागृत करना था। विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने बताया कि इस अवसर पर पर्यावरण प्रश्नोत्तरी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन दो वर्गों कक्षा छह से आठ और कक्षा 9 से 12 में किया गया। जिसमें लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डा. रामकेश दलाल प्रवक्ता एवं प्रभारी इको क्लब द्वारा किया गया तथा सह संचालन में बजरंग लाल हिंदी प्रवक्ता एवं डा. ललित कुमार अंग्रेजी प्रवक्ता का योगदान रहा। निर्णायक मंडल में कला अध्यापिका सुषमा, डीपीई विवेक कुमार, कला अध्यापक नरेंद्र फुलिया एवं धर्मपाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में जिला वन मंडल अधिकारी पवन ग्रोवर उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथियों में विष्णु बागड़ी जिला समन्वयक, रेंज ऑफिसर अमित शर्मा, वन खंड अधिकारी नरेश कुमार, वन रक्षक मदनलाल एवं यशपाल शामिल हुए।



जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। स्कूल में पौधे रोपते हुए। फोटो :हरिभूमि

### वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

**नरवाना।** डीबीके पब्लिक स्कूल नरवाना में आज पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मुहिम का उद्देश्य बच्चों में माँ के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी को जागरूक करना है। मुख्य अतिथि के रूप में करण प्रताप सिंह युवा भाजपा नेता ने छात्रों संग पौधारोपण किया और अभियान को समर्थन दिया। अवसर पर दिनेश गोयल मंडल अध्यक्ष . नरवाना शहरीए सुनीता भ्यान उपाध्यक्ष . नरवाना मंडल शहरीए पुरषोत्तम आर्य महामंत्रीए ज्ञानारामए नीरज भ्याना अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की संकल्पना इको क्लब द्वारा की गईए जिसमें हर छात्र ने अपनी माँ के नाम एक पेड़ लगाने का संकल्प लिया। कक्षा 9 की सेजल और कक्षा 7 की युक्ता ने करण प्रताप सिंह संग पौधे लगाए और उनके संरक्षण का वादा किया। कुल 100 फलदार पौधे स्कूल की बाउंड्री के पास लगाए जाएंगेए जिनकी देखरेख इको क्लब करेगा और रिपोर्ट सरकारी पोर्टल पर डाली जाएगी। अपने उद्बोधन में करण प्रताप सिंह ने कहा कि प्रकृति का महत्व कोरोना काल में स्पष्ट हुआ और हमें इसे सहेजना चाहिए।

### इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन

# कक्षा नवमी से लक्ष्य प्रथम, निशांत द्वितीय रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल बैडमिंटन चैम्पियनशिप का आयोजन किया। प्रतियोगिता में कक्षा नवमी से बारहवीं तक के छात्र व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता विद्यालय के खेल विभाग की देखरेख में आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना का विकास, मानसिक और शारीरिक संतुलन व प्रतिस्पर्धात्मक योग्यता को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें कक्षा नवमी से लक्ष्य प्रथम स्थान, निशांत द्वितीय स्थान और वंश जागलान ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा दसवीं से वंश प्रथम स्थान, नितेश द्वितीय स्थान और देवांश ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा ग्यारहवीं से यश प्रथम स्थान ए यश चहल द्वितीय स्थान और आदित्य ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विद्यार्थियों ने खेल के नियमों का पालन करते हुए अनुशासित और खेल भावना से भरपूर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खेल शिक्षक उनके सहकर्मियों ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। सभी प्रतिभागियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने विजयी और प्रतिभागी छात्रों को बधाई देते कहा कि खेल न केवल छात्रों के शारीरिक विकास के लिए जरूरी है बल्कि यह टीमवर्क, अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा विद्यालय केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नही है बल्कि हम खेलों और सह.शैक्षणिक गतिविधियों को भी समान महत्व देते हैं। बच्चों का आज का प्रदर्शन यही दर्शाता है कि हमारे विद्यार्थी हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सक्षम हैं। विद्यालय प्रशासक वीपी शर्मा और हेड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार ने कहा कि इंटर स्कूल बैडमिंटन चैम्पियनशिप के सफल आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि बच्चों को सही अवसर और मार्गदर्शन मिलेए तो वे किसी भी क्षेत्र में अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं।



जींद। प्रतियोगिता में भाग लेती खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि



जींद। होनहार बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जींद।** सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने नीट 2025 परीक्षा एवं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। नीट परीक्षा में दिशिता ने 608 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 906 हासिल की। हार्दिक ने 579 अंक के साथ रैंक 3756 प्राप्त की। पायल ने 550 अंक लेकर रैंक 10658 प्राप्त की। इन छात्रों की मेहनत, समर्पण और अनुशासन ने उन्हें यह उपलब्धि दिलाई है। जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। 14 से 18 जुलाई तक हुई राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में सुप्रीम स्कूल के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यश्वी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चिराग ने 30वां स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य सतेंद्र त्रिपाठी ने सभी सवऊल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सुप्रीम स्कूल के छात्र हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है। चेयरमैन डा. डीपी जैन, उपाध्यक्ष बलवान कौशिक तथा शरत अत्री ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उनकी उपलब्धियों को सराहा।

## खबर संक्षेप

### श्री गीता भवन मंदिर सभा की बैठक संपन्न

**कैथल।** श्री गीता भवन मंदिर सभा, कैथल की एक विशेष बैठक सभा के प्रधान कैलाश भगत की अध्यक्षता में श्री गीता भवन मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इस बैठक की विशेष बात यह रही कि जहां पुरुष आजीवन सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, वहीं पहली बार शामिल हुईं महिला आजीवन सदस्य भी उल्लेखनीय संख्या में मौजूद रहीं। सभा के सचिव नरेन्द्र निझावन ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही शुरू की। उन्होंने श्री गीता भवन द्वारा गठित नई कार्यकारिणी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### नशे के खिलाफ जागरूक करने का किया आह्वान

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा गांव गांव जाकर एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार सार्वजनिक स्थानों तथा शिक्षण संस्थानों में आमजन व विद्यार्थियों को जागरूकता रैली, सेमिनार और वर्कशॉप के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव और नशे की लत से ग्रस्त लोगों के पुनर्वास संबंधी जानकारी प्रदान की जा रही हैं। एसपी आस्था मोदी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों का प्रयोग करने से बचें और अपने परिवार के लोगों को भी बुरी लत से बचाते हुए अपने आस पड़ोस में नशा ना करने बारे जागरूक करें।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लगाया टीकाकरण कैंप

**राजौंद।** गोल्ड लाइफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल व ए वी एम स्कूल राजौद में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीकाकरण कैंप लगाया गया। जिसमें ए एन एम दर्शन व रजनी ने 10 व 16 साल के बच्चों को टेटनस जैसी गंभीर बीमारियों से बचने के लिए टीके लगाए। इस टीकाकरण कैंप में शीला व कविता आशा वर्कर ने भी अपनी भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 11वीं 12वीं कक्षा के बच्चों को नशे की लत से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया। बच्चों को बताया कि नशा हमारी उभरती हुई पीढ़ी को खा रहा है यह एक खतरनाक बीमारी है।

### जनशिकायतों का समाधान ही प्रशासन की प्राथमिकता

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि जन शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार के आदेशानुसार जिला प्रशासन की ओर से जिला मुख्यालय सहित उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को लगाए जा रहे हैं। यह शिविर जिला के आमजन के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। सोमवार को आयोजित शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना गया और उनके समाधान के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।

### किसानों की समस्याओं के बारे में विचार विमर्श किया

**राजौंद।** गांव जाखौली में भारतीय किसान मजदूर कमेरा वर्ग यूनियन के पदाधिकारियों ने किसानों की बैठक ली। जिसमें किसानों की समस्याओं के बारे मे विचार विमर्श किया गया। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष महावीर चहल नरड़ ने यूरिया खाद की चल रही कमी के कारण सरकार पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि यूरिया सभी फसलों के लिए अति आवश्यक होता है लेकिन किसान को रबी हो खरीफ दोनों फसलों के समय यूरिया उपलब्ध नहीं हो पाता लेकिन सरकार को किसान की ये समस्या बिल्कुल भी दिखाई नहीं देती है।

### भाविप महिला सदस्यों ने मनाई हरियाली तीज

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर पुंडरी शाखा की महिला सदस्यों की और से तीज उत्सव कार्यक्रम झंडामल धर्मशाला पुंडरी में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् और दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन ने और मंच संचालन इंदु शर्मा ने की। उसके बाद महिलाए ने बारी बारी आकर हरियाली तीज के बारे में सुंदर प्रस्तुति दी। डॉ. मनीषा मंगल, ममता गोयल आदि मौजूद रही।

# यात्रियों के लिए खुशखबरी: कैथल को पहली बार मिली दस एसी बस, अगले सप्ताह से रूट पर चलाया जाएगा

यात्रियों को सस्ती, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिलेगा

## बसों को मुख्य रुप से हिसार–चंडीगढ़ और दिल्ली जैसे लंबे रूटों पर चलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जिले से बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। रोडवेज विभाग ने अपने फैसले के तहत सोमवार को कैथल डिपा में पहली बार 10 एसी बसों को शामिल किया। सोमवार दोपहर बाद यह बसे कैथल डिपो के बेड़े में शामिल हुई। अब इन बसों का बीमा करवाने के बाद इसे अगले सप्ताह से रूटों पर दौड़ाया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि यह बसें, हिसार-चंडीगढ़, जयपुर, अमृतसर और जम्मू-कटरा रूट पर चलाई जाएगी। बस स्टैंड पर पहुंचने के बाद रोडवेज कर्मचारियों ने भी खुशी जताई। रोडवेज जागृति मंच के डिपो प्रधान संदीप खटकड़ ने बताया कि यह नई एसी बसें अत्याधुनिक है। इस में प्रत्येक सीट पर चार्जिंग प्वाइंट लगाया गया है। इन बसों का रेवाड़ी रूहेड़ा स्थित प्लांट में इन बसों की बॉडी निर्माण किया गया है। ये सभी बसें आइसर कंपनी की हैं और यात्रियों को सस्ती, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव देंगी।

### वोल्वो के बाद पहली बार नियमित एसी बसें शामिल

यह पहली बार होगा, जब वोल्वो बसों के बाद रोडवेज के बेड़े में नियमित रूप से एसी बसें शामिल की जा रही हैं। इन बसों को मुख्य रुपसे हिसार–चंडीगढ़ और दिल्ली जैसे लंबे रूटों पर चलाया जाएगा। किराया सामान्य बसों की तुलना में थोड़ा अधिक रहेगा, लेकिन किफायती और सुविधाजनक होगा। कैथल डिपो के कार्यशाल प्रबंधक अनिल चोपड़ा ने बताया कि वर्ष 2014 में कैथल डिपो में हरियाणा गौरव बसें शामिल की गई थीं, लेकिन उनकी मरम्मत लागत अधिक होने के कारण वे ज्यादा समय तक संचालन में नहीं रह सकीं। इससे सबक लेते हुए अब कम लागत में अधिक सुविधा देने वाली एसी बसें शामिल की जा रही हैं। एसी बसें सोमवार को कैथल डिपा में पहुंच गई है। इन बसों का बीमा करवाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके बाद जल्द ही यह रूटों पर चलाई जाएंगी।




### दूसरा सोमवार: मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता

**राजौंद।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह चार बजे ही श्रद्धालु मंदिरों में शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए पहुंचने शुरू हो गए थे। जिन्होंने भगवान शिव को जल चढ़ाकर घर की सुख शांति की कामना की। श्रद्धालुओं ने सावन माह के दूसरे सोमवार को भगवान शिव के मंदिर में भोलेनाथ की महिमा का गुणगान किया। पंडित रामपाल कौशल ने बताया कि श्रावण मास में शिव की पूजा का विशेष महत्व है। सावन माह में सोमवार के व्रत रखने का बहुत अधिक फल मिलता है। सावन के महीने में भगवान भोले नाथ सबकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। बताया कि जो भक्त सावन के सोमवार के व्रत रखते है भोले नाथ उनकी मनोकामना अवश्य पूरी करते है।

## कल मनाया जाएगा शिवरात्रि का पर्व

# शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भक्तों ने पूजा-अर्चना कर मांगी मन्नतें

दूसरे सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

सावन का महीना भगवान शिव की भक्ति और उपासना के लिए विशेष माना जाता है। इस पवित्र माह के तहत दूसरे सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही भक्तजन बेलपत्र, धतूरा, भस्म, दूध और गंगाजल लेकर मंदिरों की ओर जाते हुए नजर आए। जिले में शिव मंदिरों में सुबह पांच बजे से ही जलाभिषेक क्रम शुरू हो गया। शिवलिंग पर जल, दूध, शहद, दही और घी से रुद्राभिषेक करते हुए भक्तों ने मनोकामनाएं मांगी। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर भगवन शिव की पूजा की और मन्नत मांगी। बुधवार को शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए मंदिरों में अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वहीं, ढांड रोड स्थित कुरुक्षेत्र मार्ग पर कई सामाजिक संगठनों की ओर से शुरू किए भंडारे जारी हैं। सावन माह में सोमवार को श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव से उपवास रखकर भगवान शिव की आराधना करते हैं। सभी शिवालयों पर शिवभक्त जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक करने के लिए घंटों तक लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। उधर, पथरी क्षेत्र में भी सावन के दूसरे सोमवार को शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए भगवान शिव का जलाभिषेक किया। दूसरे सोमवार को शहर के ऐतिहासिक श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर, हनुमान वाटिका स्थित प्राचीन शिव मंदिर, पार्क रोड स्थित शिव मंदिर, छात्रवास रोड स्थित शिव मंदिर, शिव शक्ति धाम मंदिर सहित जिले के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में बने मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।


**कैथल।** शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

### शिवभक्तों की सेवा के लिए लगाए शिविर

**राजौंद।** शिवरात्रि पर्व को लेकर नगर के असंध रोड़ व जींद मोड़ पर कावडियों के लिए शिविर लगाए गए है। रंग बिरंगी पशोकों से गुजर रहे कवाडियो से सारा नगर शिवमय में तबदील होता दिख रहा है। असंध रोड पर लगने वाले शिविर के आयोजक अजीत कुमार शर्मा ने बताया कि वह पिछले 27 वर्षों से लगातार सावन माह में आने वाली शिवरात्रि से पूर्व ही शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कावडियों के रहने ठहरने व नहाने धोने के साथ साथ प्राथमिक उपचार के लिए पूरी व्यवस्था की हुई है कावडियों की श्रद्धा की लगे ईश्वर में सभी अपनी श्रद्धा से सेवा करने वाले सेवादार लगन से कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा जींद मोड़ पर शिविर के आयोजक सुखदेव शर्मा ने बताया कि शिविर में कवाडियों के लिए रहने व ठहराने की व्यवस्था की गई है। यहां से गुजरने वाले प्रत्येक कावड़िए को रोककर पूरी श्रद्धा भावना से जलपान करवाया जाता है। वैसे तो शिव भक्तों की सेवा में लगने वाले शिविर व भंडारों की इन दिनों कोई कमी नही होती। उन्होंने बताया कि हर वर्ष कावडियों की सेवा के लिए शिविर लगा रहे है।

### सावन माह भगवान शिव को प्रिय

इस मौके पर श्याम सुंदर गौड़ ने बताया कि सावन माह भगवान शिव को प्रिय होता है। मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान जब हलाहल विष निकला, तब भगवान शिव ने उसे पीकर संसार की रक्षा की थी। इस दौरान अत्यधिक गर्मी से उनका शरीर तपने लगा, और देवताओं ने उन्हें शीतलता प्रदान करने के लिए जल अर्पित करना शुरू किया। तभी से सावन के महीने में शिवलिंग पर जल चढ़ाने की परंपरा प्रारंभ हुई। सावन में वर्षा ऋतु रहती है, जिससे वातावरण ठंडा और शुद्ध होता है। यह समय तप, ध्यान और भक्ति के लिए उपयुक्त माना जाता है। सावन के हर सोमवार को विशेष पूजा होती है, जिसे /"श्रावण सोमवार/" कहा जाता है। स्त्रियां विशेष रूप से यह व्रत करती हैं, जिससे उन्हें उत्तम वर की प्राप्ति हो और वैवाहिक जीवन सुखमय हो।


**कैथल।** आरकेएसडी कालेज में दाखिला लेने पहुंचे विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

# आरकेएसडी महाविद्यालय में एडमिशन प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

- सांध्यकालिन सत्र में अभी तक 340 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया

आरकेएसडी महाविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में आर्टस संकाय में सबसे ज्यादा विद्यार्थियों का रूझान उभरा है। अभी तक कुल 560 सीटों में से 514 विद्यार्थी दाखिला ले चुके हैं। अन्य सभी संकायों में अभी तक कुल दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या 1672 हो गई है। इनमें लड़कों की संख्या 992 एवं लड़कियां 680 है। सुबह के सत्र में 1332 एवं सांध्यकालिन सत्र में अभी तक 340 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है।

### विभिन्न कक्षाओं में फीस जमा कराकर दाखिला लेने वालो की संख्या इस प्रकार

| कक्षा | सीटें | दाखिला |
|---|---|---|
| बीए | 560 | 521 |
| बीए सेल्फ फाइनेंस | 150 | 132 |
| बीए इवनिंग | 380 | 212 |
| बी. कॉम | 160 | 157 |
| बी. कॉम सेल्फ फाइनेंस | 80 | 67 |
| बी. कॉम इवनिंग | 220 | 75 |
| बी. कॉम इवनिंग आनर्स | 60 | 51 |
| बीएससी फिजिकल साईंस | 140 | 98 |
| **बीएससी फिजिकल साईंस** | | |
| सेल्फ फाइनेंस | 120 | 53 |
| बीएससी लाईफ साईंस | 80 | 81 |
| बीएससी लाईफ साईंस | 80 | 30 |
| **सेल्फ फाइनेंस** | | |
| बीएससी फिजिकल एजुकेशन | 55 | 53 |
| **(वित्त पोषित)** | | |
| बीसीए (वित्त पोषित) | 140 | 118 |
| बीबीए (वित्त पोषित) | 70 | 67 |
| बी. कॉम -टैक्स (वित्त पोषित) | 60 | 01 |
| बी. कॉम -इंश्योरस (वित्त पोषित) | 60 | 01 |
| कुल | 1672 | |

- स्नातक कक्षाओं में आर्टस संकाय में सबसे ज्यादा का रूझान उभरा

स्नात्तकोत्तर कक्षाओं में दाखिला प्रक्रिया में महाविद्यालय ने 8 स्नात्तकोत्तर कक्षाओं-अंग्रेजी, हिंदी, राजनीति शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, पीजीडीसीए एवं पीजीडी योग में अभी तक 74 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

| कक्षा | सीटें | दाखिला |
|---|---|---|
| एम ए अंग्रेजी | 50 | 14 |
| एम ए हिंदी | 50 | 03 |
| एम ए राजनीति विज्ञान | 50 | 18 |
| एम एस सी गणित | 50 | 07 |
| पीजीडी योगा | 40 | 02 |
| **सांध्यकालिन सत्र** | | |
| एम ए अर्थशास्त्र | 40 | 06 |
| एम काम | 72 | 11 |
| एम ए अंग्रेजी | 40 | 07 |
| एम ए राजनीति विज्ञान | 44 | 04 |
| पीजीडीसीए | 40 | 02 |

# महिलाओं ने कीर्तन कर जताया रोष

- होटल में अश्लीलता फैलाने पर नही हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

नरवाना रोड स्थित सुंदर नगर पर बनाए गए होटल पर कालोनीवासियों द्वारा वेश्यावृति का आरोप लगाते हुए पिछले 11 माह से लगातार धरना दिया जा रहा है लेकिन सख्त कार्रवाई न होने के चलते अनैतिक धंधों में लगे लोगों के हौंसले बुलंद है। सोमवार को धरने पर महिलाओं ने सत्संग व कीर्तन कर रोष व्यक्त किया और कहा कि जब तक पक्का इलाज नही हो जाता वो धरना समाप्त नही करेंगे। सुंदर नगर के लोगों ने बताया कि उनकी कालोनी में होटल में कमरा किराया पर देकर स्कूल, कालेज, आइटीआई समेत दूसरे शिक्षण संस्थानों के लड़के व लड़कियां आते हैं और गलत काम करते हैं। सरेआम अश्लीलता के कारण कालोनी के लोगों को शर्मशार होना पड़ रहा है। इससे कहीं न कहीं अपराध को भी बढ़ावा मिल रहा है। कालोनी में बच्चों पर गलत असर पड़ रहा है। रिहायशी क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों से महिलाओं को परेशानी हो रही है। होटल के खिलाफ कालोनीवासी एसपी से लेकर जिला परिवेदना समिति तक में अपनी शिकायतें दर्ज करवा चुके हैं। व समाज के कुछ बुद्धिजीवियों द्वारा इन गतिविधियों को बंद करवाने का प्रयास भी किया लेकिन कुछ भी नही हुआ। जिसके रोष स्वरूप कालोनीवासियों द्वारा लगातार धरना दिया जा रहा है। ऐसे में कालोनीवासियों ने सीएम नायब सैनी सहित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई है।


**जींद।** धरने पर कीर्तन करते हुए महिलाएं। *फोटो: हरिभूमि*

### सीवन के स्कूलों में चलाया फॉगिंग अभियान

**सीवन।** बरसात के मौसम में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप और उनसे उत्पन्न होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए नगर पालिका सीवन द्वारा एक विशेष फॉगिंग अभियान चलाया गया। अभियान नपा सचिव दीपक के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया। अभियान के अंतर्गत सीवन के कन्या स्कूल एवं मॉडल संस्कृति स्कूल में व्यापक स्तर पर फॉगिंग की गई। सचिव दीपक ने बताया कि बरसात के मौसम में पानी के जमाव और गंदगी से मच्छर तेजी से पनपते हैं, जिससे मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। दीपक कुमार ने नगरवासियों से अपील करते कहा कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। गंदगी ही मच्छरों के पनपने का कारण बनती है और समय रहते नियंत्रण न किया जाए तो यह गंभीर बीमारियों का रूप ले सकती है।

# अभियांत्रिकी विभाग ने मांगे आवेदन

- जल जीवन मिशन के तहत पंजीकृत उपभोक्ताओं के डाटा में सुधार, नए कनेक्शन और अन्य सहायक गतिविधियों के लिए माय भारत पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित
- 28 जुलाई तक पोर्टल पर कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत पंजीकृत उपभोक्ताओं के डाटा में सुधार, नए कनेक्शन और अन्य सहायक गतिविधियों के लिए माय भारत पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह आवेदन 28 जुलाई तक मांगे गए हैं। जिसमें माय भारत पोर्टल एवं पंजीकृत स्वयंसेवी युवाओं के माध्यम से शहरों व ग्रामीण क्षेत्र की पेयजल एवं सीवरेज के कनेक्शन का सर्वेक्षण करने की योजना बना रहा है। नौ जुलाई 2025 को पंचकूला मुख्यालय से जारी किए गए पत्र अनुसार प्रदेश भर के सभी शहरों में ग्राम पंचायत में पंजीकृत स्वयंसेवकों की नियुक्ति की जा रही है तथा एक अगस्त से 31 अगस्त तक एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम के तहत स्वीकृत गतिविधियों का क्रियान्वयन करवाया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के पेयजल एवं शिवर से संबंधित डाटा में सुधार, कनेक्शन वैध करवाने की जानकारी एकत्रित करने सहित अन्य सहायक गतिविधियों करवाई जाएगी। स्वयंसेवकों को एक से चार अगस्त तक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यों पेयजल आपूर्ति योजनाओं की विभागीय प्रयोगशालाओं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की गतिविधियों ग्राम जल एवं सीवरेज समितियां और स्वयं सहायता समूह से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके पश्चात पांच से 26 अगस्त 2025 तक स्वयंसेवक घर-घर जा कर पेयजल कनेक्शन में सुधार, अस्वच्छ कनेक्शन, लीकेज तथा पेयजल परीक्षण से संबंधित सर्वेक्षण करेंगे। इसके लिए निर्धारित परफॉर्म ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से भरा जाएगा। इसके बाद 27 से 31 अगस्त तक दस्तावेजों का संकलन प्रस्तुतीकरण की गुणवत्ता की जांच तथा आवश्यक सुधार का कार्य किया जाएगा।


**जींद।** जानकारी देत हुए रणधीर मताना।

## विधायक ने दी पूंडरी को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात

# मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से बह रही विकास की गंगा: जांबा

- पूंडरी, फरल व ढांड के सरकारी स्कूलों में किया विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने सोमवार को हलके के विभिन्न गांवों में कई परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। सबसे पहले राजकीय कवमावि पूंडरी में नौ लाख 50 हजार रुपये की लागत से बनने वाली साइंस लैब तथा करीब 14 लाख से स्कूल के 11 कमरों की मरम्मत के कार्य का शिलान्यास किया। इसी प्रकार राजकीय मॉडल संस्कृत वमावि पूंडरी में दो कमरों, एक शैड, हाल तथा रसोई घर का शिलान्यास किया। इन कार्यों पर 99 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके बाद पीएमश्री राजकीय कवमावि फरल में 8 लाख 47 हजार रुपये की लागत से बने पीसीबी लैब के लिए तीन कमरों व दो महिला शौचालयों का उद्घाटन किया। इसके उपरांत विधायक सतपाल ने रावमावि ढांड में करीब छह लाख रुपये की लागत से बनने वाले दो शौचालयों तथा 72 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पांच कमरों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।


**पूंडरी।** पौधारोपण करते विधायक सतपाल जांबा व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### विधायक ने सुनी आमजन की समस्याएं

विधायक सतपाल जांबा ने दोपहर बाद कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश जारी किए। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। पूंडरी के विकास के लिए वे दिन रात लगे हैं। हलके में अनेकों विकास कार्य चल रहे हैं। भविष्य में भी हलके विकास के लिए नए प्रोजेक्टों पर कार्य शुरू करवाए जाएंगे। आप लोगों सेवा करने का मौका मिला है, इसलिए पूंडरी के विकास के लिए कर्म का ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन कर रहे हैं।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण जागरूकता का संदेश

पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने गांव रावणहेड़ा गांव के श्मशान घाट में, गांव टीक के खेल स्टेडियम में, गांव सोलू माजरा के श्मशान घाट में तथा गांव मटरवा खेड़ी के सामुदायिक केंद्र में पौधा रोपण किया। उन्होंने सभी आमजन से अपील कि सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मा के नाम अभियान से जुड़ कर अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए, ताकि हमारा पर्यावरण शुद्ध रहे।

**सूचना**

मैं, सुरेन्द्र पुत्र किताब सिंह निवासी गांव कौलेखां तहसील कलायत जिला कैथल (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरी नाबालिग पुत्री का नाम GAURI उसके पासपोर्ट में GOURI दर्ज है से बदलकर GAURI रखता हूं। भविष्य में उसे GAURI के नाम से जाना जाए जो कि उसके सभी दस्तावेजों में है सही वह दुरुस्त है।

**सूचना**

मैं, सुरेन्द्र पुत्र किताब सिंह निवासी गांव कौलेखां तहसील कलायत जिला कैथल (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा नाबालिग पुत्र का नाम PARAV उसके पासपोर्ट में दर्ज है से बदलकर PARV रखता हूं। भविष्य में उसे PARV के नाम से जाना जाए जो कि उसके सभी दस्तावेजों में है सही वह दुरुस्त है।

## खबर संक्षेप

### रिसर्च वर्क के पहले चरण में रोपित किए जाएंगे 3100 पेड़

**जींद।** आम तौर पर जहां दो से चार फुट हाइट के पौधों का रोपण होता है वहीं राह ग्रुप फाउंडेशन अब पेड़ों का रोपण करेगा। हिसार के जिले के तलवंडी राणा व बिठमड़ा नर्सरी में तैयार 12 से 20 फुट के पेड़ों का रोपण करेगा। राह संस्था के एक रिसर्च प्रोजक्ट के तहत तैयार इन अनुमानित 3100 पौधों को हिसारए जींद व फतेहाबाद के गांवों में लगवाया जाएगा। चेयरमैन नरेश सेलपाड़, जिला प्रभारी राजेश टांक ने बताया कि इन पेड़ों को ग्राम पंचायतों, युवा क्लबों व श्मशान भूमि सुधार समितियों को पूर्ण रूप से मुफ्त उपलब्ध करवाया जाएगा। छह वर्ष पहले जब उन्होंने तलवंडी राणा के श्मशान भूमि में सुधार करते हुए छोटे पौधे लगाए तो उन्हें अक्सर पशु चर जाते थे। इसलिए उन्होंने छोटे पौधे लगाने की बजाय बड़े पेड़ लगाने का निर्णय लिया।

### 24 को आहूं में प्रशासन रात्रि ठहराव कार्यक्रम : एडीसी

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आगामी 24 जुलाई को गांव आहूं में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस रात्रि ठहराव में डीसी प्रीति व एसपी आस्था मोदी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा और उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी विभागों के अधिकारी रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पूरी तैयारी के साथ मौजूद रहेंगे। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाएंगे और योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध करवाएंगे। ग्रामीण इन योजनाओं का किस तरह से लाभ ले सकते है, उन्हें विस्तार से जानकारी दी जाएगी। जो भी समस्याएं लोगों द्वारा प्रस्तुत की जाएगी, उनका मौके पर समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

### इंडसइंड बैंक का सामान अटेच करने के आदेश

**कैथल।** एक उपभोक्ता की मृत्यु होने पर उसके परिवार को बीमा क्लेम न देने पर कोर्ट ने कैथल स्थित इंडसइंड बैंक का सामान अटेच करने के आदेश जारी किए है। वहीं बैंक उपभोक्ता की मृत्यु होने के बावजूद लोन की किश्ते काटता रहा। इसी संदर्भ में न्यायलय के दो अधिवक्ता बैंक पहुंचे और कोर्ट के आदेशो की कॉपी देते हुए सामान अटेच करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। मामला गाँव का सिरसल का है। बैंक पहुंचे अधिवक्ता जितेन्द्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्या देवी निवासी सिरसल के पति की मृत्यु हो गयी थी। मृतक व्यक्ति ने बैंक से व्हीकल लोंन पर लिया हुआ था। उपभोक्ता की मृत्यु होने के पश्चात नियमानुसार लोन माफ़ होना था और उसकी भरपाई बीमा से होनी थी लेकिन मृत्यु के बाद भी बैंक वाले किश्त वसूलते रहे। इसके अलावा उपभोक्ता के एक एटीएम कार्ड का भी दो लाख का बीमा था, उसको भी बैंक वाले देने से मना करते रहे। इसके बाद थक हारकर महिला ने केस दर्ज करवाया जिसमे अदालत ने महिला के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद भी जब बैंक ने महिला को पेमेंट नहीं दी तो उसने दोबारा अदालत का दरवाजा खटखटाया। इसके बाद अदालत ने सबंधित बैंक का फर्नीचर, साईन बोर्ड, कंप्यूटर, स्टेशनरी आदि सब सामान अटेच करने के आदेश जारी किए।

### शिकायतों की जांच पर अलर्ट हुआ स्वास्थ्य विभाग

# गर्भपात मामलों को लेकर निजी अस्पतालों पर विभाग की दबिश

- उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशों पर हुई कार्रवाई
- जिला में तीन भ्रूण हत्या के मामले आ चुके हैं सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** नागरिक अस्पताल जींद। फोटो : हरिभूमि

गर्भपात मामलों की शिकायतों की जांच को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर के एक निजी चिकित्सालय पर दबिश दी और गहनता से जांच की। गर्भपात की सूची स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी। जिस पर जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। हालांकि स्वास्थ्य अधिकारी इस जांच के बारे में कुछ भी बताने से बचते हुए नजर आए लेकिन छानबीन में इतना उभर कर सामने आया कि गर्भपात मामलों में स्वास्थ्य विभाग सख्त हुआ है। गर्भपात मामलों को लेकर शिकायतें स्वास्थ्य विभाग के पास पहुंच रही थी। इन शिकायतों पर संबंधित जिला के सीएमओ को सूची उपलब्ध करवा कर जांच के आदेश दिए गए थे। आदेशों पर कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को शहर के एक निजी चिकित्सालय पर दबिश दी और गहनता से जांच की। क्या शिकायत थी, टीम ने क्या जांच की, क्या कोई खामी पाई गई, सबकुछ गुप्त रखा गया। नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ एवं पीएनडीटी नोडल अधिकारी डा. पालेराम ने कहा कि ट्रैकिंग के तहत जांच की जा रही है। फिलहाल जांच का काम जारी है। जिला में पिछले दिनों भ्रूण हत्या के तीन मामले सामने आए थे। जिनमें आजतक न तो यह पता चल पाया है कि यह कृत्य किसने किया था। हालांकि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामले भी दर्ज किए हुए हैं। बावजूद इसके आजतक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नही हुई है।

#### ऐसे होती है आरसीएच और एमसीटीएस पंजीकरण से ट्रैकिंग

आरसीएच और एमसीटीएस पंजीकरण से गर्भवती महिलाओं की ट्रैकिंग आसानी से हो सकती है। अक्सर तीन महीने तक की गर्भावस्था के बारे में नही बताया जाता है। इसलिए महिलाएं पंजीकरण करवाने से बचती हैं लेकिन अब यह पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। इससे गर्भवती व शिशु के स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी रहेगी। जिले में जो गर्भवती नागरिक अस्पताल या फिर आंगनबाड़ी के जरिये उपचार करवा रही है।

### शुक्रवार तक सभी पुरानी शिकायतों को निपटान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सरकार की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय सहित उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से जुड़ी अपनी शिकायतों और समस्याओं का समाधान प्राप्त हो रहा है।

इसी क्रम में सोमवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए आमजन की शिकायतें सुनी और कई मामलों में मौके पर ही समाधान करवाया। डीसी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग 60 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों का समाधान आगामी शुक्रवार तक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और स्थायी समाधान ही प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# समाधान शिविर में डीसी ने सुनी 10 जन शिकायतें


**जींद।** समस्याएं सुनते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

#### शिकायतों की अनदेखी किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं

डीसी ने स्पष्ट किया कि आमजन की शिकायतों की अनदेखी किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करेंए ताकि उन्हें समय पर राहत मिल सके। समाधान शिविर में पीपीपी आईडी में आय संबंधी त्रुटियों, राशन कार्ड, पुलिस और बिजली विभाग से संबंधित 10 शिकायतें प्राप्त हुईं। शिविर के दौरान देशखेड़ा गांव से रोशनी ने आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण बिजली कनेक्शन दिलवाने की मांग की। गांव पेगां से रघुवीर ने कैंसर पीड़ित पेंशन के लिए आवेदन दिया। एक फरियादी अपने पिता के निधन के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए अर्जी लेकर आया। पटियाला चौक की कृष्णा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किस्त दिलवाने की मांग कीए जबकि बीरोली गांव के सरपंच ने गांव की फिरनी की मरम्मत की मांग रखी। डीसी ने सभी समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए तत्परता के साथ समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी सुरेंद्र सिंह, नगराधीश डा. आशीष देशवाल, डीआरओ राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

डीसी ने कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### जिला रोजगार कार्यालय में मेला 24 कोस

**जींद।** जिला रोजगार कार्यालय के परिसर में 24 जुलाई को सुबह 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी डा. अंजू ने बताया कि इस मेले में एसआईएस सिक्योरिटी गार्ड के नियोजकों द्वारा भाग लिया जाएगा। इस मेले में कंपनी के नियोजक द्वारा केवल पुरुष प्रार्थियों को सिक्योरिटी गार्ड और सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पद पर नियुक्ति देंगे। प्रार्थियों की योग्यता कम से कम 10वीं पास, आयु 19 से 40 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर, वेतन 16 हजार से 18 हजार देय होगा। नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया निशुल्क रहेगी। सभी प्रार्थियों से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में रोजगार मेले में भाग ले। रोजगार कार्यालय द्वारा इच्छुक प्रार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए समय-समय पर ऐसे मेलों का आयोजन किया जाता है।

# नौंवी व 11वीं में दाखिला अब 30 जुलाई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

राजकीय और निजी स्कूलों में कक्षा 9वीं और 11वीं में दाखिला लेने से वंचित विद्यार्थियों के लिए अच्छा समाचार है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए शिक्षा विभाग ने दाखिले की अंतिम तिथि 30 जुलाई कर दी है। ऐसे में अब वे विद्यार्थी भी दाखिला ले सकते हैं, जो किसी कारण से दाखिला नही ले पाए थे। शिक्षा निदेशालय सेकेंडरी शिक्षा की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया है कि सभी राजकीय और निजी स्कूलों में 30 जुलाई तक कक्षा 9वीं और 11वीं में दाखिले किए जाएंगे। साथ ही अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्कूल में दाखिले को लेकर विद्यार्थियों को अनावश्यक परेशानी न हो। पहले इन कक्षाओं में दाखिले की अंतिम तिथि 16 जून तय की गई थी लेकिन उस दौरान ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते अधिकांश विद्यार्थी दाखिला नहीं ले पाए थे। इसके चलते छात्रों और विभिन्न संगठनों ने शिक्षा विभाग से तिथि बढ़ाने की मांग की थी। जिस पर अब निर्णय लेते हुए दाखिला अवधि बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि कि अप्रैल माह की शुरूआत में राजकीय स्कूलों में दाखिला संख्या बढ़ाने के लिए प्रवेश उत्सव शुरू किया गया था। इसके तहत शिक्षकों ने ग्रामीण क्षेत्रों व शहरी कॉलोनियों में घर-घर जाकर राजकीय स्कूलों में मिलने वाले मिड डे मील, वर्दी भत्ता, छात्रवृत्ति, सुपर 100, एफएलएन गतिविधियों के बारे में जानकारी दी थी। अप्रैल और मई के बाद भी जून माह के बीच तक स्कूलों में दाखिला को लेकर प्रक्रिया जारी रही थी। जून माह में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ज्यादा दाखिले नहीं हो पाए थे। ऐसे अब 30 जुलाई तक 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले करवाने को लेकर निर्देश आए हैं। 30 जुलाई तक होंगे दाखिले


**जींद।** राजकुमार गोयल को सम्मानित करती प्रमुख उद्योगपति सावित्री जिंदल।

### समाजसेवी राजकुमार गोयल को सावित्री जिंदल ने किया सम्मानित

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल को उनकी समाज के प्रति उल्लेखनीय सेवाओं को देखते हुए विशेष अग्र सम्मान से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान जींद में आयोजित एक सम्मान समारोह में देश की प्रमुख उद्योगपति एवं हिसार से विधायक सावित्री जिंदल द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्रीचंद जैन, मनीष सिंगला, बीएस गर्ग, धर्मपाल गर्ग, मनोज कहानोरिया, महावीर कंप्यूटर, राजेश सिंगला, डा. गोपाल गोयल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर सोसायटी पदाधिकारियों ने कहा कि राजकुमार गोयल पिछले 25 सालों से समाज को उल्लेखनीय समय दे रहे हैं। उन जैसे समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता समाज की असली संपदा हैं। इनका योगदान न केवल प्रेरणादायक है बल्कि युवाओं के लिए एक आदर्श भी है।

# जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति के विरोध में उतरे स्वास्थ्य कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- 28 जुलाई को काले बिल्ले लगा कर विरोध प्रकट करेंगे

जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति के विरोध में प्रदेश के सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मचारी आंदोलन को तेज करते हुए 28 जुलाई को काले बिल्ले लगा कर विरोध प्रकट करेंगे और चार अगस्त को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक एक घंटे कार्य का बहिष्कार करेंगे। यह निर्णय सोमवार को स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी की प्रदेश स्तरीय वर्चुअल मीटिंग में लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिज एसोसिएशन के प्रधान डा. राजेश ख्यालिया ने की। स्वास्थ्य सुपरवाईजर संघ के प्रदेशाध्यक्ष राममेहर वर्मा ने बताया कि चार अगस्त को कार्य के बहिष्कार के साथ जिला मुख्यालय पर स्थित सिविल सर्जन के कार्यालय पर गेट मीटिंग करके सिविल सर्जन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भी देंगे। यदि इसके बावजूद भी जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति दर्ज करने के आदेशों को वापस नही लिया गया तो 10 अगस्त को पुनः मीटिंग करके अगले आंदोलन का ऐलान कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी के पदाधिकारियों को भरोसा दिया कि अधिकारियों से इस संबंध मे बातचीत करके समस्या का समाधान निकाला जाएगा और जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति के लिए किसी भी अधिकारी कर्मचारी को बाध्य नही किया जाएगा।

# मंत्री बेदी ने विकास कार्यों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



**नरवाना।** विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि मौजूदा राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में विकास की नई व्यवस्था कायम की गई है। विकास परियोजनाओं का लाभ अब प्रदेश के सभी इलाकों को निष्पक्ष तरीके से बराबर मिल रहा है। जनकल्याणकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों का फायदा गरीब परिवार के घर की दहलीज तक पहुंचा है । विकास परियोजनाओं के लिए निर्धारित बजट का एक.एक पैसा पारदर्शिता के साथ खर्च किया जा रहा है गत समय में सरकारी नौकरियों में दलालीए रिश्वतखोरी तथा सिफारिश का बोलबाला था। इस कुप्रथा को पूर्णतया खत्म किया है तथा शिक्षित युवाओं को वर्तमान में सरकारी नौकरियां उनकी योग्यता के आधार पर मिल रही है । कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार देर सायं विधानसभा हलका के गांव राजगढ़ डोभी में विकास कार्यों की नींव रखीए इनमें राजगढ़ डोभी से समैण तक 55 लाख रुपये की सड़क का निर्माणए राजगढ़ डोभी से कन्हड़ी तक 65 लाख रुपये की लागत से सड़क का विस्तारीकरण शामिल है। इसके अलावा गांव में नए बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण करवाया जाएगा । इसमें पंपिंग मशीनरी की रिप्लेसमेंट वाटर वर्क्स में हाई लेवल टैंक का निर्माण तथा गांव में करीब 3500 मीटर लंबी पाइप लाइन बिछाया जाना इत्यादि शामिल है। इस कार्य पर एक करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि खर्च होगी। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस कार्य का टेंडर करवा लिया गया है। कैबिनेट मंत्री ने मौके पर 22 लाख रुपए की लागत से निर्मित धानक चौपाल का भी उद्घाटन किया ।

# तालाब एवं जल प्रबंधन प्राधिकरण टीम ने लोगों को तालाबों के रख रखाव के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा


नगूरां गांव के भूट्टेश्वर मंदिर में लोगों को तालाबों के प्रति जागरूक करते एसडीओ राजेंद्र सहारण।

गांव नगूरां के भूट्टेश्वर मंदिर में हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा तालाबों के साफ-सफाई व रख-रखाव के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ पंचायती राज अलेवा राजेंद्र सहारण ने की तथा मुख्य रूप से हरियाणा तालाब प्राधिकरण चंडीगढ से एसडीओ भारत ने भाग लिया। इस दौरान टीम ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को तालाबों की साफ-सफाई तथा उनके रख-रखाव के प्रति जागरूक किया। यही नहीं टीम ने तालाब के पास त्रिवेणी लगा कर लोगों को पर्यावरण के प्रति संदेश भी दिया। लोगों को संबोधित करते हुए पंचायती राज एसडीओ राजेंद्र सहारण ने कहा कि हरियाणा सरकार ने तालाबों और अपशिष्ट जल प्रबंधन के लिए एक प्राधिकरण की स्थापना की है, जिनका उद्देश्य राज्य में तालाबों के विकास, संरक्षण, कायाकल्प, निर्माण और प्रबंधन करना है। इस प्राधिकरण का एक महत्वपूर्ण कार्य तालाबों की सफाई और पुनर्जीवन के लिए जागरूकता अभियान चलाना है। हरियाणा तालाब प्राधिकरण चंडीगढ से एसडीओ भारत ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारातालाबों की जल धारण क्षमता बढाने और उन्हें हरा-भरा बनाने के लिए विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं।

# वादाखिलाफी व स्कूल प्रबंधन कमेटी मर्जर के विरोध में सौंपा ज्ञापन : कृष्ण आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल।** नारेबाजी करते अध्यापक।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन व हेमसा के साझे मंच हरियाणा शिक्षा विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी के आह्वान पर हरियाणा सरकार की वादाखिलाफी व प्रत्येक गाँव में स्कूल प्रबंधन कमेटी की एक यूनिट बनाने के विरोध में 21 से 25 जुलाई तक ब्लॉक स्तर पर धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपे जाएंगे। इसी कड़ी में खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसकी अध्यक्षता कृष्ण आर्य ने व संचालन नारायण दत्त ने किया। हरियाणा विद्यालय अध्यापक के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमरनाथ किठानीया, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के राज्य महासचिव कपिल सिरोही, जिला प्रधान रघबीर सिंह,सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण ने बताया कि शिक्षा नीति 2020 की आड़ में केंद्र व राज्य सरकार लगातार सार्वजनिक शिक्षा के ढांचे को सिकोड़ रही है। मानी गई मांगो को लागू न करके बार-बार वादाखिलाफी कर रही है। प्रत्येक गाँव में एसएमसी की एक यूनिट बनाने के बहाने लगभग 5 हजार सरकारी स्कूलों के मर्जर की ब्यूरचना रची जा रही है। उन्होंने बताया कि कि रूल 2012 के अनुसार हरियाणा सरकार 50% अंकों की आड़ में अध्यापकों को एसीपी प्रदान नहीं कर रही है।

# विधायक ने परिवार के साथ किए माता भ्रामरी के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


माता भ्रामरी धाम पहुंचे परिवार सहित विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने सावन माह के दूसरे सोमवार को शिव मंदिर जाकर परिवार सहित पूजा अर्चना की। देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी धाम भी वो पहुंचे। यहां पर परिवार के साथ पूजा.अर्चना कर प्रदेशए क्षेत्र की सुख समृद्धि का कामना की। अत्री ने कहा कि माता भ्रामरी शक्तिपीठ पर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश भर से श्रद्धालु पहुंचते है। माता सच्चे मन से पूजा अर्चना करने से प्रसन्न होती है। धर्मए ध्यान हमें करना चाहिए। अधिक से अधिक लोगों की मदद करने के साथ-साथ धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेना चाहिए। जितना हो सकें सहयोग जरूरतमंदों को करना चाहिए। नर सेवा नारायण सेवा के बराबर होती है। इसलिए जितनी हो सकें जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए।

### रेलवे यात्रियों एवं वेंडरों को किया जाएगा जागरूक

# स्टेशन पर शुरू की गई मानव तस्करी विरोधी सार्वजनिक अनाउंसमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर लगे चेतावनी बैनर को पढ़ते यात्री।

जींद से गुजरने वाली ट्रेनों में मानव तस्करों पर गैर सरकारी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया कड़ी नजर रखेगा। इसके लिए संगठन ने काम शुरू कर दिया है। स्थानीय रेलवे प्रशासन एवं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के साथ मिलकर 30 जुलाई को विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस को सफल बनाने की तैयारियां शुरू कर दी है। इसके तहत जींद रेलवे स्टेशन एवं सभी ट्रेनों पर कड़ी नजर रखने, सार्वजनिक उद्घोषणा के अलावा स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्र में पोस्टर बैनर वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में जींद स्टेशन मास्टर जन्गेशर कुंडू एवं ट्रैफिक इंचार्ज जय प्रकाश को ज्ञापन सौंपकर सहयोग का आग्रह किया गया है। गौरतलब है कि हर वर्ष 30 जुलाई को भारत सहित पूरी दुनिया में यह दिवस मनाया जाता है। एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला समन्वयक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि भारत में मानव तस्करी मुख्य रूप से ट्रेनों के माध्यम से की जाती है। सहयोगी संगठनों तथा राज्य पुलिस की मानव तस्कर विरोधी ईकाई के साथ मिल कर ट्रेनों और स्टेशन पर मानव तस्करी के विरुद्ध कड़ी नजर रखने के आदेश जारी किए हैं।

#### स्टेशन पर शुरू हुई अनाउंसमेंट

ट्रैफिक इंचार्ज जयप्रकाश तथा आरपीएफ अधिकारियों ने इस संबंध में बताया कि रेलवे अधिकारियों द्वारा तुरंत स्थानीय रेलवे स्टेशन पर मानव तस्करी विरोधी सार्वजनिक सूचना की लगातार अनाउंसमेंट आरंभ कर दी गई है। यात्रियों को मानव तस्करी के प्रति जागरूक करने हेतु स्टेशन के मुख्य द्वार पर फ्लेक्स बैनर भी लगाया गया है। जल्द ही स्टेशन के पास स्थानीय यात्रियों, दुकानदारों, विभिन्न वेंडरों एवं ऑटो रिक्शा चालकों को जागरूक करने हेतु विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रेलवे स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्रों में मानव तस्कर विरोधी जानकारी के साथ पर्चे बांटे जाएंगे।